>

Title: Need to set up vegetable storage facility at Soraon Tehsil in Allahabad district, Uttar Pradesh.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): फूलपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत तहसील सोरॉव का शिवगढ़ क्षेत्र प्रदेश का अग्रणी सब्जी उत्पादन केन्द्र है। शिवगढ़ में सब्जी भण्डारण की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे किसान सब्जियों का भण्डारण नहीं कर पाते और समय से दूसरी जगहों पर नहीं भेज पाते जिससे उन्हें उपज का समुचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है। शिवगढ़ में सब्जियों के भण्डारण की व्यवस्था न होने से किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाई गई लाखों रूपये मूल्य की सब्जियां प्रतिदिन सड़ जाती है जिससे किसानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों को सब्जियों का उचित मूल्य नहीं प्राप्त होने और लागत अधिक होने से किसानों की माली हालत निरंतर दयनीय हो रही है तथा किसाना गरीबी व तंगहाली में जीवन यापन को विवश है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि जनपद इलाहाबाद में तहसील सोरॉव के शिवगढ़ क्षेत्र में सब्जी भण्डारण केन्द्र की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाने का कष्ट करें।